**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.09.2025 (सुबह–0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से गैर–भाजपा शासित राज्यों में लोगों तक जीएसटी कटौती का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करने का किया आह्वान।**
2. **झारखंड हाई कोर्ट ने वर्ष 2018 से अब तक जेल या न्यायिक हिरासत में हुई मौत मामले में तीन सप्ताह में राज्य के गृह सचिव से मांगा जवाब।**
3. **झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज होंगी सेवानिवृत्त, नये मुख्य सचिव को लेकर ब्यूरोक्रेसी में चर्चा तेज।**
4. **नवरात्र के आठवें दिन आज हो रहा महाअष्टमी का अनुष्ठान, भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई।**
5. **64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तीसरे दिन दस पदकों के लिए हुआ मुकाबला, झारखंड की टीम फाइनल में छठे स्थान पर रही।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से गैर–भाजपा शासित राज्यों में लोगों तक जीएसटी कटौती का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हमें सुनिश्चित करना है कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का फायदा सामान्य से सामान्य व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। वे कल दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर नवनिर्मित प्रदेश भाजपा कार्यालय का लोकार्पण के मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट...

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 से अब तक जेल या न्यायिक हिरासत में हुई मौत के मामले में राज्य के गृह सचिव से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इससे पूर्व कोर्ट के 21 अगस्त के आदेश के आलोक में गृह विभाग की प्रधान सचिव ने शपथ पत्र दायर किया था। इसमें बताया गया था कि हिरासत और जेल में मृत्यु की सूचना दंडाधिकारी को दी गई थी। खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा था कि दंडाधिकारी की ओर से मौत के मामले में जांच की गई थी या नहीं। मामले के अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

*******************

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी आज सेवानिवृत हो जायेंगी। नये मुख्य सचिव को लेकर नौकरशाहों में तरह–तरह की चर्चा हो रही है। बता दें कि झारखंड में फिलहाल मुख्य सचिव रैंक के तीन आईएएस अधिकारी हैं। इनमें अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह और डॉ नितिन मदन कुलकर्णी शामिल हैं।

*******************

गिरिडीह जिले में स्वच्छता अभियान जोर–शोर से चलाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

जामताड़ा पुलिस ने नवासी लाख रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के आधा दर्जन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि यह गिरोह दूसरे की भूमि, भवन को अपना बताकर फर्जी तरीके से बेचकर पैसा ऐंठने का काम किया जा रहा था।

*******************

आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी भारतीयों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को दुर्गाअष्टमी की बधाई दी है। इधर राजधानी रांची के पूजा पंडालों और दुर्गा मंदिरों में सुबह से ही पुष्पांजलि अर्पित की जा रही है।

उधर, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद समेत सभी जिलों में नवरात्र के अनुष्ठान किये जा रहे हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कई पूजा पंडालो का निरीक्षण किया और देशवासियों के कल्याण की कामना की।

*******************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव की वजह से एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक कहीं–कहीं हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने दशहरा और मूर्ति विसर्जन के दिन बारिश की प्रबल संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी।

*******************

बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में आयोजित 64वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैपियनशिप में देश भर से भाग ले रहे 700 से अधिक एथलीटों के बीच तीसरे दिन भी रेलवे स्पोर्ट्स, एस एस सी बी, ऑल इंडिया पुलिस समेत अन्य राज्यों के बीच पदक को लेकर प्रतिस्पर्धा हुई। प्रतियोगिता में कुल दस पदकों के लिए मुकाबला हुआ। फाइनल में झारखंड की टीम छठे स्थान पर रही।

**<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>**

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने दुर्गा पूजा की महाअष्टमी पर उमड़ रही भीड़ को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

**प्रभात खबर** ने लिखा है– 15 अक्टूबर को नक्सलियों ने बुलाया पांच राज्यों में बंद।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**– मंत्री समूह आज सारंडा अभयारण्य का करेगा दौरा।

**दैनिक भास्कर** ने करूर भगदड़ पर लिखा है– अभिनेता विजय जान बूझकर रैली में देरी से पहुंचे, बिना अनुमति रोड शो किया।

*******************